दिन– गुरूवार दिनांक– 20 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने धान और मूंग समेत चौदह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की। ए–ग्रेड धान का एमएसपी अब दो हजार तीन सौ बीस रूपये प्रति क्विंटल होगा।

02. शिक्षा मंत्रालय ने अठारह जून को आयोजित हुयी यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द की। मामले की सीबीआई जांच के आदेश।

03. पटना में नीट–यूजी परीक्षा के आयोजन में कथित अनियमितताओं पर शिक्षा मंत्रालय ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

04. और, प्रदेशभर के मौसम में बदलाव। राजधानी पटना समेत अधिकतर स्थानों पर देर रात से हो रही है रूक–रूक कर बारिश। किशनगंज के ठाकुरगंज में दो सौ एक दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज।

---

केन्द्र सरकार ने चौदह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य –एमएसपी में बढ़ोतरी की है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की कल नई दिल्ली में हुई बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने विपणन सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए चौदह खरीफ फसलों के एमएसपी को मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि ए–ग्रेड धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य अब दो हजार तीन सौ बीस रूपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। वहीं, सामान्य धान का एमएसपी दो हजार तीन सौ रूपये प्रति क्विंटल होगा। यह पिछले सीजन की तुलना में एक सौ सत्रह रूपये प्रति क्विंटल अधिक है। श्री वैष्णव ने बताया कि मक्का के समर्थन मूल्य में एक सौ पैंतीस रूपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गयी है। अब मक्का का एमएसपी दो हजार दो सौ पच्चीस रूपये प्रति क्विंटल होगा। वहीं, मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य आठ हजार छह सौ बयासी रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। श्री वैष्णव ने कहा कि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि होने से किसानों को लाभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार देशभर में दो लाख गोदाम बनाने पर काम कर रही है।

–––बाईट–––

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार कदम उठा रही है।

---

केन्द्र सरकार ने अठारह जून को आयोजित हुयी यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द कर दी है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा परीक्षा में गड़बड़ी की जानकारी दिये जाने के बाद परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया गया। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि पूरे मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। परीक्षा की नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। गौरतलब है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने देश के विभिन्न शहरों में अठारह जून को दो पालियों में यूजीसी–नेट परीक्षा आयोजित की थी। बिहार से इस परीक्षा में तिरेसठ हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

---

शिक्षा मंत्रालय ने पटना में नीट–यूजी परीक्षा के आयोजन में कथित अनियमितताओं पर बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एक बयान में मंत्रालय ने कहा कि ग्रेस मार्क्स से संबंधित मुद्दे को पहले ही पूरी तरह से निपटाया जा चुका है। मंत्रालय ने कहा कि परीक्षा में अनियमितताओं में संलिप्त किसी भी व्यक्ति या संगठन के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इस मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने तेरह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें चार परीक्षार्थी और अन्य परीक्षार्थियों के अभिभावक तथा सॉल्वर गैंग के सदस्य हैं।

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधान परिषद में विधानसभा कोटे की एक रिक्त सीट के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस सीट के लिए बारह जुलाई को मतदान होगा। चुनाव की अधिसूचना पच्चीस जून को जारी की जाएगी। अभ्यर्थी दो जुलाई तक नामांकन पत्र भर सकेंगे। तीन जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और पांच जुलाई तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकते हैं। बारह जुलाई को मतदान के बाद उसी दिन मतों की गिनती की जाएगी। गौरतलब है कि यह सीट राजद के रामबली सिंह की सदस्यता समाप्त किये जाने के बाद से रिक्त है।

---

रूपौली विधानसभा उप चुनाव के लिए कल नामांकन की अंतिम तिथि है। अब तक तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा भरा है। जदयू के कलाधर मंडल, राजद की बीमा भारती और एक निर्दलीय प्रत्याशी अरविन्द कुमार सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

---

अररिया जिले के सिकटी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बकरा नदी के परड़िया घाट पर निर्माणाधीन पुल के ध्वस्त होने के मामले में ग्रामीण कार्य विभाग ने तीन अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। वहीं, संवेदक को काली सूची में डालकर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

---

राज्य सरकार ने ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह को राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि के. के. पाठक द्वारा विभाग का प्रभार लिये जाने तक या अगले आदेश तक श्री सिंह राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव पद पर बने रहेंगे।

---

कुवैत में पिछले दिनों हुए अग्निकांड में मारे गये छियालीस भारतीय नागरिकों के परिजन को कुवैत सरकार बारह–बारह लाख रूपये मुआवजा देगी। इस अग्निकांड में बिहार के दो लोगों की मौत हो गयी थी।

---

राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्ड और निकायों में आउटसोर्सिंग पर काम करने वाले कर्मियों को अब बोनस मिलेगा। श्रम संसाधन विभाग के प्रधान सचिव डॉ. बी. राजेन्दर ने बताया कि एक साल में कम से कम तीस दिन काम करने वाले कर्मियों को भी बोनस का लाभ मिलेगा। ऐसे कर्मियों को न्यूनतम आठ दशमलव तीन–तीन प्रतिशत बोनस दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पांच साल से अधिक काम करने वाले

कर्मियों को ग्रेच्युटी का भी लाभ मिलेगा। डॉ. राजेन्दर ने बताया कि इस संबंध में सभी विभागों को पत्र निर्गत कर दिया गया है।

---

राज्य सरकार ने सभी परंपरागत विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों और अतिथि शिक्षकों के वेतन, पेंशन और मानदेय के लिए एक हजार छह सौ करोड़ रूपये जारी कर दिया है। शिक्षा विभाग ने सभी कर्मियों के बकाया वेतन का भुगतान एक महीने के अंदर करने का निर्देश दिया है।

---

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने देश के दूरदराज के क्षेत्रों में ग्राहकों को सुविधाजनक और किफायती वित्तीय सेवा प्रदान करने के लिए **आर आई ए मनी ट्रांसफर** के साथ साझेदारी की है। **आर आई ए मनी ट्रांसफर** सीमापार धन हस्तांतरण की अग्रणी वैश्विक कंपनियों में शामिल है। संचार मंत्रालय ने कहा कि इस साझेदारी से ग्राहकों को घर तक बैंकिंग सेवाएं प्राप्त हो सकेगी। मंत्रालय ने कहा कि यह सेवा अभी पच्चीस हजार से अधिक डाक घरों में उपलब्ध होगी।

---

प्रदेशभर के मौसम में बदलाव हुआ है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर देर रात से रूक–रूक कर बारिश हो रही है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से मामूली राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों किशगनंज, अररिया, पूर्णियां, सुपौल, सहरसा और मधेपुरा में कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश हुई है। किशनगंज के ठाकुरगंज में सबसे अधिक दो सौ एक दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, पोठही में एक सौ बानवे दशमलव चार, टेढ़ागाछ में एक सौ पचासी दशमलव आठ, बहादुरगंज में एक सौ चार दशमलव दो, किशनगंज में एक सौ तीन और दिघलबैंक में एक सौ दो दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर लू और गर्म दिवस की चेतावनी जारी की गयी है।

–––बाईट–––

पटना और रोहतास जिला प्रशासन ने भीषण गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में वर्ग आठ तक की कक्षाओं और आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन पर बाईस जून तक के लिए रोक लगा दी है। इस दौरान विद्यालयों में शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहेंगे।

---

कल आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बिहार समेत दुनियाभर में उत्सव का माहौल देखा जा रहा है। इस अवसर पर देश–विदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रदेश में नियमित योगाभ्यास करने वाले लोगों और योग प्रशिक्षकों में भी इसे लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आकाशवाणी के साथ बातचीत में कुछ योग प्रेमियों ने लोगों से जीवन में योग को अपनाने की अपील की है।

–––वॉक्सपॉप–––

---

आईसीसी टी–ट्वेन्टी क्रिकेट विश्व कप में आज सुपर–एट ग्रुप वन में भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से शुरू होगा। इधर, कल खेले गये सुपर–एट ग्रुप टू मैच में दक्षिण अफ्रीका ने अमरीका को अठारह रन से हरा दिया।

---

बेगूसराय जिले के गढ़पुरा थानान्तर्गत दुनही में पिछले दिनों एक युवक के अपहरण और हत्या के मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर के उदघाटन की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को प्रमुखता देते हुए लिखा है– नालंदा सिर्फ नाम नहीं, यह पहचान और सम्मान।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– खरीफ फसलों पर एमएसपी बढ़ा।

**दैनिक भास्कर** की विशेष खबर है– राज्य में दिन में चार बार मापा जाएगा भूगर्भ जलस्तर, पचहत्तर जगहों पर लगाये जायेंगे– पीजो मीटर।

**प्रभात खबर** ने मौसम की खबर को तरजीह देते हुए लिखा है– आज से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शुरू होगी बारिश, पारा भी गिरा।

**आज** अखबार लिखता है– हज करने गए पांच सौ लोगों की गर्मी से मौत।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– कल से चलेंगी नौ जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनें।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. केन्द्र सरकार ने धान और मूंग समेत चौदह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की। ए–ग्रेड धान का एमएसपी अब दो हजार तीन सौ बीस रूपये प्रति क्विंटल होगा।
02. शिक्षा मंत्रालय ने अठारह जून को आयोजित हुयी यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द की। मामले की सीबीआई जांच के आदेश।
03. पटना में नीट–यूजी परीक्षा के आयोजन में कथित अनियमितताओं पर शिक्षा मंत्रालय ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मांगी।
04. और, प्रदेशभर के मौसम में बदलाव। राजधानी पटना समेत अधिकतर स्थानों पर देर रात से हो रही है रूक–रूक कर बारिश। किशनगंज के ठाकुरगंज में दो सौ एक दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।